हरिभूमि कांकेर भूमि

उफ ! ये बिजली : चौबीस घंटे में 10 बार पावरकट से रातभर लोगों की नींद उड़ी

जनप्रतिनिधियों में भी आक्रोश अधिकारी नहीं देते सही ढंग से जवाब

जिला मुख्यालय में गुरूवार की सुबह 10 बजे से शुक्रवार की सुबह 10 बजे तक शहर के सभी वार्डो में पावर कट का खेल चलता रहा और 24 घंटे में लगभग 10 बार पावर कट हुआ। बीती रात को ऐसा पावर कट हुआ कि लोग सड़कों पर उतर गए और रातभर लोगों की नींद उड़ी रही, इसके अलावा नौतपा के छठवें दिन 31 मई को दोपहर में कई घंटे पावर कट किया गया। जिले में पहली बार बिजली व्यवस्था बहुत बुरी तरह से चौपट हो गई, यह पहला मौका है कि 24 घंटे में कम से कम 10 बार पावर कट हुआ है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

जिला मुख्यालय में बिजली का जो हाल है, उससे लग रहा है कि जिला मुख्यालय की बिजली व्यवस्था विभाग के अधिकारी नहीं संभल पा रही है, क्योंकि पिछले 4 महीने से यहां हर रोज बिजली कट होने का खेल चल रहा है। जिलेभर में मई माह में तो हद ही हो गई है, दिन में चार से पाँच बार और रात में पांच से छः बार बिजली बंद होना रूटीन बन गया है।

बिजली बंद के अलावा अब वोल्टेज भी कम व ज्यादा होता रहता है, जिससे उपकरणों के डैमेज होने का खतरा बना रहता है। बीती रात को और शुक्रवार की सुबह माहुरबंदपारा, भंडारीपारा, मांझापारा, शीतलापारा व अन्य वार्डो में बिजली को बहाल करने में एक से डेढ़ घंटे का समय लग गया। इस दौरान सैकड़ों लोग नौतपा की भीषण गर्मी में उबलते रहे, वहीं दूसरी ओर विभाग के अधिकारी अलग रंग में नजर आएं। विभाग प्रमुखों को शहर के जिम्मेदार कॉल करते है तो कॉल ही रिसीव नहीं हुआ। फ्यूज कॉल में शिकायत के बाद भी बिजली सुधार करने में सायं 6 से सुबह 9 बजे के मध्य एक से डेढ़ घंटा लग जाता है। बिजली व्यवस्था ठेकेदारों के अकुशल मजदूरों के भरोसे चल रही है, जिसके चलते पूरी व्यवस्था चरमरा गई है।

नौतपा में तीन दिनों से शहर की बिगड़ी व्यवस्था, लोग हुए हुआ हलाकान

व्यवस्था को बेहतर करने का किया जाएगा प्रयास

कलेक्टर अभिजीत सिंह से इस विषय पर बात किया तो उनका कहना था कि बिजली विभाग के सभी अधिकारियों को हिदायत दी जा चुकी है कि बिजली कट नहीं होना चाहिए। जिला मुख्यालय में अंधड़ जैसी परिस्थितयाएं निर्मित नहीं हुई है, उसके बाद भी बिजली कट हो रही है, कारण पता लगाया जा रहा है। व्यवस्था को बेहतर कराने का प्रयास किया जाएगा।

अधिकारी करते हैं मनमानी, अब होगा आंदोलन

जवाहर वार्ड के पार्षद जयंत अटभैया का कहना है कि तीन दिनों से शहर में लगातार वोल्टेज अप डाउन हो रहा है, इसके साथ ही तीन दिनों से लाईट दिनभर में 10 से 12 बार बंद हो रही है। बिभाग के आला अफसरों से इसके बारे में जानना चाहे तो एक ही जवाब है कि ट्रांसफार्मर ओवरलोड हो गया, इसके पहले ऐसी दिक्कत क्यों नहीं आती थी। जिलास्तर के अधिकारी मनमानी करते है, उनका जनसंपर्क नहीं के बराबर है। लाईट पहले बंद होती थी, कार्यपालन अभियंता स्वंय रात को फाल्ट स्थल पर नजर आते थे, परंतु अब ऐसा नहीं है, लाईन मैन के भरोसे सब छोड़ दिया गया है।

अधिकारियों को दी गई हिदायत

विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि बिजली विभाग के जिला अधिकारी जो मनमानी कर रहे है, उनको ठीक किया जाएगा। जनता की समस्या मेरी समस्या है। जनता की समस्या के निदान करना मेरी पहली प्राथमिकता है। बीती रात को और दिन में कई घंटे बिजली बाधित हुई है, उसके लिए अधिकारियों से बात कर हिदायत दिया गया है कि इस तरह की समस्या आने वाले समय में नहीं आनी चाहिए।

जिम्मेदार नहीं दे रहे हैं ध्यान

नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ठाकुर का कहना है कि बीती रात को लगभग तीन घंटे तक बिजली बंद रही। शहर के लोग हलाकान हो गए, कई वार्डो की बिजली बंद रही। मेंटेनेंस के बाद भी बिजली बंद हो रही है, ऐसे मेंटेनेंस का औचित्य क्या है। विभाग प्रमुखों ने जिले की बिजली व्यवस्था को ठीक नहीं किया तो विभाग के खिलाफ आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

रातभर रहे परेशान, सड़कों पर घूमते रहे

माहुरबंदपारा के पार्षद दीपक शोरी ने बताया कि गुरूवार 30 मई को दिन में चार से पाँच बार लाईट कट हुई और रात में 12 बजे से 3 बजे तक लाईट बंद रही, इसके अलावा 31 मई की सुबह 6 बजे एक फेस बंद हुआ, जो सुबह 11 बजे के आसपास ठीक हो पाया। मैं और मुहल्लेवासी बीती रात को ट्रांसफार्मर के पास पहुँचे थे। गर्मी होने के कारण मुहल्ले के लोग सड़क में घूमते हुए नजर आएं। बिजली विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि केबल जल गई थी और यह केबल हर साल जलती रहती है, पिछले साल भी यह केबल जली थी। नौतपा में इस बार प्रतिदिन कई बार बिजली कट होती रही। रात को बिजली विभाग के जिलास्तर अधिकारी नजर नहीं आएं।

जब चाहे, तब बंद होती रहती है बिजली

महात्मा गाँधी वार्ड के पार्षद शैलेंद्र शोरी ने कहा कि इस बार बिजली व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो गई है। रात को कई बार बिजली बंद होती है और दिन में में कई बार बिजली बंद हो रही है। नौतपा में तापमान 43 डिग्री के तापमान में बार बार बिजली बंद होने से मुहल्लेवासी हलाकान हो गए है। बिजली जब चाहे, तब बंद हो जाती है और फ्यूजकॉल में कॉल करने से सही ढँग से जानकारी नहीं दिया जाता है।

खबर संक्षेप

मृतक की नामनी पत्नी के खाते में दो लाख जमा

दुर्गूकोंदल। ग्राम पंचायत दुर्गुकोंदल के आश्रित ग्राम भुरकागुदुम निवासी श्यामलाल नरेटी का भारतीय स्टेट बैंक दुर्गुकोंदल के अंतर्गत ग्राहक सेवा केंद्र के द्वारा बीमा किया गया था और वार्षिक प्रीमियम 436 रूपएं जमा किया जा रहा था। श्यामला नरेटी की सड़क दुघर्टना में निधन 25 फरवरी 2024 को हो गया था। बैंक ने मृतक की नॉमिनी पत्नी धनसो बाईं नरेटी को 2 लाख रुपएं उनके बचत खाते में बीमा राशि जमा कियया गया। इस अवसर पर एसबीआई के शाखा प्रबंधक भूपेंद्र वर्मा, फील्ड अफसर विशाल राहंगडाले, ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक मनीषा मैदावार व अन्य उपस्थित रहे।

शराब पीने की सुविधा दी, अधेड़ पकड़ाया

कांकेर। कोरर थानांतर्गत ग्राम

मांझापारा मरकाटोला निवासी 53 वर्षीय लल्लूराम सोनवानी पिता बिसम्बर सोनवानी को पुलिस ने 30 मई की शाम साढ़े 4 बजे अन्य लोगों को अवैध रुप से शराब पीने की सुविधा देते हुए पकड़ा। पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली था कि आरोपी अपने घर के सामने अवैध रुप से आने जाने वालो को शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध करा रहा है। जानकारी कि तस्दीक कर पुलिस ने ईलाके की घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा और उसके कब्जे से एक सफेद रंग के 5 लीटर वाला प्लास्टिक जरकीन मे रखी करिबन 4 लीटर देशी महुआ शराब को जप्त करते हुए धारा 34 (1) (ख) के तहत मामला दर्जकर विवेचना में लिया गया।

सेन चौक पर फिर सट्टा एक सटोरिया पकड़ाया

कांकेर। सेन चौक और लट्टीपारा में सट्टे का खेल फिर से शुरू हो

गया है, जिसमें सेन चौक पर सट्टा खिला रहा सटोरिया पकड़ में आया। कांकेर शहर में कम से कम अभी पाँच गुट है, जो सट्टा का खेल स्थानीय स्तर पर खिला रहे है। कांकेर पुलिस से मिली मुखबिर से जानकारी मिली कि सेन चौक में सटोरिया सट्टा ▶▶ शेष पेज 10 पर

अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराई, चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

कपालीपारा बरहेली निवासी 20 वर्षीय युवक टिकावन कार्यक्रम में शामिल होकर वापिस जाते समय दमकसा में गैस गोदाम के पास युवक की मोटर सायकल अनियंत्रित होकर बरगद पेड़ से टकरा गई, जिसमें बाईक चला रहे युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम करने के उपरांत धारा 304 (ए) के तहत मामला दर्ज किया गया। दमकसा चौकी से मिली जानकारी के अनुसार कपालीपारा बरहेली निवासी 20 वर्षीय रोशन कोमरा पिता जयसिंह कोमरा 29 मई को मोटर सायकल क्रमांक सीजी 07 एलसी 7348 से संतलाल दुग्गा के यहां दमकसा में शादी में टिकावन देने गया था। टिकावन देकर वापिस कपालीपारा जाने के लिए निकला था। मृतक दमकसा के गैस गोदाम के पास पहुँचा होगा, तभी मोटर सायकल को तेज एवं लापरवाही व उपेक्षापूर्वक चलाते हुए गैस गोदाम के पास अचानक मोटर सायकल के अनियंत्रित हो जाने से बरगद झाड़ में टकराकर एक्सीडेंट कर दिया और स्वंय मोटर सायकल से गिरने से बाईक चालक रोशन कोमरा के सिर, मस्तक एवं जबड़ा में गंभीर चोट के कारण घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर मर्ग कायम किया गया और मर्ग जांच के आधार पर मृतक द्वारा भादवि की धारा 304 (ए) का अपराध घटित करना पाए जाने से अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।

तम्बाकू निषेध जागरूकता दिवस पर भानु कालेज के छात्रों ने दिलाई शपथ

तंबाकू सेवन हृदय, कैंसर सहित कई घातक बीमारियों का कारण है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में तम्बाकू निषेध दिवस 31 मई के अवसर पर महाविद्यालय के छात्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया और साथ ही तंबाकू सेवन नहीं करने का संकल्प दिलाया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरला आत्राम ने संबोधित करते हुए कहा कि तम्बाकू सेवन से होने वाले नकारात्मक परिणाम के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराते हुए कहा कि तम्बाकू सेवन से शारीरिक एवं मानसिक नुकसान होता है। इसके सेवन से हृदय रोग, कैंसर, फेफड़े कैंसर आदि रोग होता हैं, जब यह रोग परिवार के किसी सदस्य को होता है, तब वह सदस्य बहुत पीड़ा में होता है। उपचार की प्रक्रिया बहुत पीड़ादायक एवं कष्टकारी होता है। इसके साथ ही परिवार के सदस्य भी मानसिक रूप से परेशान एवं दुखी होते है और आर्थिक स्थिति डगमगा जाती है। इस सारी परिस्थिति को समझाते हुए विद्यार्थियों को तम्बाकू के सेवन से बचने के लिए प्रेरित करते हुए शपथ दिलाया गया। भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. डीएल पटेल ने कहा कि युवा देश के विकास में अपना महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है, इसलिए युवाओं को तम्बाकू सेवन से बचना होगा। बुजुर्गो को अपने जीवन शैली में परिवर्तन लाने में कठिनाई होती है, जबकि युवा नशा मुक्त होकर अपने जीवन शैली में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता हैं। अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह द्वारा तम्बाकू निषेध दिवस 2024 का ▶▶ शेष पेज 10 पर

व्हाट्सअप व फेसबुक पर अश्लील फोटो व वीडियो वायरल, आरोपी जेल दाखिल

कांकेर। व्हाट्सअप व फेसबुक के माध्यम से अश्लील फोटो व वीडियो वायरल करने वाले आरोपी को भानुप्रतापपुर पुलिस ने रायपुर रेल्वे स्टेशन में धरदबोचा और न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया। भानुप्रतापपुर थाना प्रभारी अमित पदमशाली ने बताया कि भानुप्रतापपुर थाना में पीड़िता ने आकर शिकायत किया कि वर्ष 2020 में फेसबुक के माध्यम से फ्रेंड रिक्वेक्ट आने पर एक्सेप्ट किया था एवं पीड़िता के मोबाईल नंबर पर आरोपी अपने मोबाईल नंबर से बातचीत करने लगा। बातचीत के दौरान आरोपी द्वारा पीड़िता की कुछ फोटो रख लिया था। पीड़िता की विवाह 17 अप्रैल 2024 को होने पर विवाह के 01 माह बाद 18 मई 2024 को पीड़िता के कुछ फोटो को ऐडिट करके जान पहचान वालों के पास बदनाम करने की नियत से वायरल कर रहा था। पीड़िता की ▶▶ शेष पेज 10 पर

पर्वतारोही बंशीलाल की हादसे में मौत, पार्थिव देह को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

पर्वतारोही और पुलिस कमांडो प्रशिक्षक बंशीलाल नेताम की देहांत के 4 दिन बाद उनका शव नेपाल से कांकेर लाया गया और 31 मई को कानापोड में पुलिस विभाग और ग्रामीणों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उनकी मौत माउंट एवरेस्ट चढ़ाई के दौरान घायल होने के बाद इलाज के दौरान नेपाल में हुई थी। जिले के एथलिस्ट, पर्वतारोही, बाइक राइडर और पुलिस कमांडो ट्रेनर बंशीलाल नेताम की माउंट एवरेस्ट हादसे में मौत हो गई थी। उनका शव चार दिन बाद नेपाल से कांकेर लाया गया। चारामा विकासखंड के ग्राम कानापोड़ में पुलिस विभाग और आसपास गाँव के ग्रामीणों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी, जिस मैदान में बंशीलाल बच्चों को निःशुल्क प्रशिक्षण ▶▶ शेष पेज 10 पर

भीषण गर्मी में मटके का बाजार गुलजार...

दुर्गूकोंदल। भीषण गर्मी और तपिश के बढ़ते लोगों को दुर्गुकोंदल के हाट बाजार में मटके की खरीदारी करते देखा जा रहा है। मटका बेचने वाली महिलाएं ने बताया कि उनके द्वारा छोटे व बड़े साइज के मटके बेचने के लिए लाया गया है। 50 रुपएं से 250 रुपएं तक का मटके बाजार में बिक रहे हैं। मटके बेचने वाली महिला का कहना है कि गर्मी शुरू होते ही लोग मटके की खरीदारी करने के लिए आने लगे हैं। अब गर्मी बढ़ने लगी है तो मटकी की बिक्री में तेजी आई है। लगातार गर्मी बढ़ने के साथ ही देशी फ्रिज यानी मिट्‌टी के मटके की मांग बढ़ गई है।

देवरानी व जेठानी में कप ले जाने की बात पर मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

कांकेर जिलामुख्याल से सटे ग्राम सिंगारभाट के बंगालीपारा में देवरानी व जेठानी में कप ले जाने की बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनो पक्षों ने एक दूसरे को जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर दिया। दोनो पक्षों की शिकायत पर पुलिस ने काउंटर केस दर्ज का जाँच में लिया।

कांकेर थाना में शिकायत कराने पहुंचे सिंगारभाट बंगालीपरा निवासी 30 वर्षीय खुशबु दिनकर पति हरिश दिनकर ने पुलिस को बताया कि 30 मई की रात्रि करीबन 8 बजे मेरी जेठानी ममता दिनकर आई और कहने लगी की कप नही दूंगी क्या कर लोगी कहते हुए गाली देने के साथ ही जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ थप्पड़ से मारपीट किया। मारपीट करने से मेरे सिर, चेहरा, कंधा, हाथ व कमर मे चोट आई है। मारपीट की घटना को मेरे पति हरीश दिनकर व अन्य लोग देखे एवं बीच बचाव किए। प्रार्थी कि शिकायत पर पुलिस ने आरोपी जेठानी के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

दूसरे पक्ष से कांकेर थाना में शिकायत कराने पहुंचे सिंगारभाट बंगालीपरा निवासी 30 वर्षीय ममता दिनकर पति आशीष दिनकर ने पुलिस को बताया कि 30 मई को रात्रि करीबन 8 बजे मेरी देवरानी खुशबु दिनकर एवं देवर हरीश दिनकर आए और कप ले जाने की बात को लेकर गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दिया और उसेक बाद हाथ थप्पड़ से मारपीट करने लगे। मारपीट ▶▶ शेष पेज 10 पर

6 जून तक आचार संहिता हटेगा, आठ दिन बाद लग जाएगा बारिश सीजन

सितंबर से पहले अब शुरू नहीं होगा निर्माण कार्य, थम जाएगा निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

दर्जनभर से अधिक निर्माण के लिए टेंडर फरवरी और मार्च में ही जारी कर दिया गया

मार्च में अधिकांश निर्माण कार्यों का टेंडर जारी होने के बाद वर्क आर्डर भी लगभग जारी हो चुका है, लेकिन अब काम को लेकर असमंजस की स्थिति बन गई है, कारण अब बारिश सीजन लगने वाला है। बारिश सीजन में सरकारी निर्माण कार्य रूक जाता है। विभागीय सूत्रों की मानें तो 15 जून से बारिश सीजन चालू हो जाने से सड़को व पुल का काम रूक जाता है, केवल बिल्डिंग का काम चालू रहता है।

लोकसभा के मतदान के बाद मतगणना भले 4 जून को हो जाए, परंतु आचार संहिता 6 जून तक लगी होने के कारण, इस समय तक कोई काम नहीं हो सकता और 15 जून से सरकारी हिसाब से बारिश सीजन लग जाएगा। बारिश सीजन में निर्माण काम पूरी तरह से बंद रहता है और 30 सितंबर तक बारिश सीजन रहता है, इसके बाद ही काम चालू होगा। दर्जन भर से अधिक सड़क और भवन निर्माण के लिए टेंडर फरवरी के आखिरी और मार्च के पहले सप्ताह में ही जारी कर दिया गया। टेंडर खुलने के बाद दर स्वीकृति भी हो चुकी है, लेकिन अब काम नहीं हो सकता। पीडब्ल्यूडी, आरईएस, सेतु समेत अन्य निर्माण विभागों में अभी असमंजस की स्थिति है। हालांकि बिल्डिंग वर्क को बरसात में किया जा सकता है, ऐसा इंजीनियरों द्वारा कहा जाता है। ऐसे में भवन निर्माण बारिश के समय भी किया जा सकता है। सड़क, पुल- पुलिया के लिए दिक्कत होती है।

बताया जा रहा है कि दर्जनों ऐसे काम हैं जो जरुरी है। इसमें सड़क और पुल-पुलिया शामिल है। बारिश के समय ग्रामीणों को आवागमन में ज्यादा दिक्कत होती है, इसके कारण ही बारिश के पहले सड़कों का निर्माण पूरा करने का निर्देश दिया जाता है।

पुराने काम अभी भी अधूरे, हो रहा इंतजार

जिले में दर्जनों ऐसे निर्माण काम है जो पुराने हैं, लेकिन अधूरे हैं। पूर्व में राशि का अभाव होने की वजह से काम पूरा नहीं होने की बात कही जा रही है। अब मार्च में कुछ पुराने कार्यों के लिए राशि जारी हुई थी। हालांकि विधानसभा चुनाव के बाद पुराने कार्यों पर बैन लगा दिया गया था। बाद में कुछ कार्यों को संशोधन कर निविदा जारी करने की बात सामने आई है। अब काम बारिश के बाद होगा तो पुराने और नए काम समझ में आएगा। आचार संहिता के कारण सारे निर्माण काम फंस गए है और काम शुरू नहीं हो पाएं है।

हरिभूमि
पाठक सूचना
कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
7000955574, 9098324969

केशकाल घाट में जाम से सैकड़ों वाहन फंसे, पुलिस ने पांच घंटे की मशक्कत के बाद यातायात कराया बहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

आम जनता के लिए केशकाल घाट की जर्जर स्थिति एक बार फिर मुसीबत का सबब बनती जा रही है।

■ ट्रक बिगड़ने के कारण लग रहा जाम

घाट में खराब सड़क के साथ-साथ वाहन चालकों की मनमानी व ओवरटेकिंग पुलिस के लिए भी सर दर्द बन चुकी है। शनिवार देर रात घाट के चौथे मोड़ में सड़क के बीचोंबीच एक ट्रक खराब होने के कारण घाट में पुनः आवागमन अवरुद्ध हो गया।

घाट के दोनों ओर सैकड़ों वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी सौरभ उपाध्याय ने अपनी टीम के साथ मिलकर लगभग 5 घण्टों की कड़ी मशक्कत के बाद एक ओर से आवागमन बहाल करवाया।

उल्लेखनीय है कि कुछ ही दिनों में बारिश का मौसम आने वाला है। बरसात से पहले ही केशकाल घाट में मोड क्रमांक 1 से लेकर 10 तक के अधिकांश मोड़ों में सड़क की हालत जर्जर हो चुकी है। सड़कों पर बड़े बड़े गड्ढे पनपने लगे हैं। ऐसे में भारी भरकम वाहनों को चढ़ने और उतरते वक्त काफी सावधानी बरतनी पड़ती है। जरा सी चूक से पहिया गड्ढे में आकर फंस जाता है। देखते ही देखते घण्टों तक घाट में जाम लग जाता है। वहीं इस बार भी चौथे मोड़ में एक ट्रक के खराब होने के कारण ही जाम की स्थिति बनी थी।

मोड़ 1 से लेकर 10 तक सड़क जर्जर होने के कारण समस्या

फाईल फोटो

घाट की मरम्मत करवाना नितांत आवश्यक

घाट में फंसे बस चालकों कहना है कि बस्तर को रायपुर से जोड़ने वाला एकमात्र मार्ग होने के कारण सर्वाधिक परेशानी यात्री बसों को होती है। बसों में कई ऐसे लोग सवार हैं जिन्हें रायपुर से ट्रेन व फ्लाइट के माध्यम से अन्य राज्यों में जाना है। जाम में फंसने के कारण वह समय से रेलवे स्टेशन या एयरपोर्ट नहीं पहुंच पाएंगे। लोगों ने मांग की है कि जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत करवाई जाए। ताकि आम लोगों को इस जाम की समस्या से निजात मिले।

खबर संक्षेप

न्यायालय ने राजस्व निरीक्षक की जमानत अर्जी की खारिज

जगदलपुर। फर्स्ट अपर सेशंस कोर्ट बस्तर ने राजस्व निरीक्षक प्यारेलाल पैकरा की जमानत अर्जी निराधार पाते खारिज कर दी। राजस्व निरीक्षक पैकरा ने धारा 438 के तहत पेश अर्जी में कहा था कि बोधघाट पुलिस उसे कभी अजमानतीय अपराधों भादंवि की धारा 420,467,468 सहित 471 में गिरफ्तार कर प्रताड़ित कर सकती है। न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत ने बोधघाट थाने से मामले में प्रतिवेदन मंगवाया था। लोक अभियोजक अखिलेश्वर दास ने न्यायालय को बताया कि राजस्व निरीक्षक के खिलाफ फिलहाल ऐसा कोई अपराध दर्ज नहीं है। आवेदक की इस मामले में गिरफ्तारी की आशंका निराधार है। न्यायाधीश ने लोक अभियोजक से सहमति जताते पैकरा की जमानत अर्जी खारिज कर दी। विदित हो कि राजस्व निरीक्षक पैकरा ने अपनी जमानत अर्जी में जमानत मांगते कहा था कि उसके खिलाफ थाना बोधघाट में भादंवि की धारा 420,467,468 सहित 471 दर्ज है। इस मामले के फरियादी रूपेश जैन ने दिए गए आवेदन में कहा कि ग्राम फ्रेजरपुर स्थित अपने मालिकाना हक की भूमि के राजस्व अभिलेखों में राजस्व निरीक्षक पैकरा ने गैरकानूनी तरीके से हेराफेरी कर कूटरचना की है। आवेदक पैकरा को आशंका है कि बोधघाट पुलिस उसे कभी भी गिरफ्तार कर सकती है।

ग्रामीणों इलाकों के निर्माणाधीन कार्य 5 जुलाई तक करें पूरा

कोण्डागांव। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने गुरुवार को कोंडागांव विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम कोकोड़ी, करंजी, बड़े कनेरा, कमेला और राजागांव पहुंचे। कलेक्टर ने निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन, पीडीएस दुकान के साथ ही जल जीवन मिशन के तहत किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने कोकोड़ी, करंजी और बड़े कनेरा में निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवनों के साथ ही कमेला में निर्माणाधीन पीडीएस दुकान का निरीक्षण करते हुए 15 जुलाई तक कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के लिए मजदूरों की संख्या में वृद्धि करने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके साथ ही कमेला में जल जीवन मिशन के तहत निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण करते हुए 6 जून तक संपूर्ण ग्राम में जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अनुविभागीय दण्डाधिकारी सुश्री निकिता मरकाम, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जीएस बढ़ई सहित ग्रामीण अभियांत्रिकी सेवा के अधिकारी उपस्थित थे।

नेशनल ट्रैकिंग एनसीसी के लिए शामपुर से तीन बालिकाओं का चयन

कोण्डागांव। शामपुर स्कूल में संचालित जूनियर विंग बालिका एनसीसी की तीन विद्यार्थियों का चयन राष्ट्रीय एनसीसी ट्रैकिंग कैंप 2024 बालाघाट मध्यप्रदेश के लिए किया गया है। वर्ष 2024 के लिए जिन विद्यार्थियों का चयन किया गया है वे कक्षा नवमीं की जिज्ञासा मरकाम , योगिता नेताम एवं कक्षा आठवीं की संध्या पोयाम है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ से नौ बालिकाओं का चयन हुआ है उसमें से तीन बालिकाएं हायर सेकेंडरी शामपुर जिला कोंडागांव की है। इन चयनित विद्यार्थियों को शिविर के लिए विदा करने के पूर्व विद्यालय परिसर में एक समारोह आयोजित की गई ।जिसमें मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत शामपुर की सरपंच श्रीमती टोकेश्वरी नेताम विशेष अतिथि भुवनेश्वरी चौहान, देवनारायण पांडे कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में उपस्थित होकर बच्चों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शामपुर के प्राचार्य अनूप कुमार विश्वास, एनसीसी केयरटेकर श्रीमती सिया पोयाम , भारत मंडावी मार्गदर्शक , राजेश नेताम, सुशील सिंह , रविंद्र गावडे सुश्री मुस्कान गुप्ता के अलावा परमेश्वर मंडावी सहित प्रतिभागी छात्रओं के पालक उपस्थित थे।

कार्रवाई : 63.59 किग्रा गांजा व वाहन किया गया जब्त

लग्जरी वाहन की डिक्की से 6 लाख से अधिक का गांजा बरामद, एक आरोपी भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

पुलिस ने लग्जरी वाहन की डिक्की से 63 किग्रा से अधिक गांजा बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

■ अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर को पकड़ने में केशकाल पुलिस को मिली सफलता

कोंडागांव पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार द्वारा अवैध गांजा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रूपेश कुमार डाण्डे एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केशकाल श्भूपत सिंह धनेश्री के मार्गदर्शन में केशकाल पुलिस द्वारा समय-समय पर लगातार चेक पोस्ट लगाकर चेकिंग की जा रही है।

इसी दौरान मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि ओडिशा से एक व्यक्ति सफेद रंग के स्कार्पियो वाहन क्रमांक MP-15-T-3568 में अवैध मादक गांजा तस्करी कर एनएच 30 से कोण्डागाँव से रायपुर की ओर जा रहा है। सूचना पर थाना केशकाल एवं हाईवे पेट्रोलिंग की टीम ने नाकाबंदी कर थाने के सामने चेक पोस्ट लगाकर सघन चेकिंग प्रारंभ किया गया।

इसी दौरान स्कार्पियो कमाक MP-15-T-3568 में एक व्यक्ति चेक पोस्ट में पहुंचा। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम कपील अहिरवार निवासी सागर मध्यप्रदेश का रहने वाला बताया। उक्त वाहन की चेकिंग करने पर डिक्की के अंदर भरकर रखा हुआ भूरे रंग के सेलोटेप से पैक किया हुआ 3 बोरी अवैध मादक पदार्थ गांजा कुल वजन 63.590 किलोग्राम गांजा प्राप्त हुआ। मौके पर प्राप्त अवैध मादक पदार्थ गांजा वजन 63.59 किलोग्राम गांजा कीमत करीबन 6 लाख 30 हजार रुपए एवं स्कार्पियो क्रमांक MP-15-T-3568 कीमत लगभग 12 लाख रुपए, कुल कीमत 18 लाख 30 हजार रुपए को विधिवत जब्त कर आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (ख) के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपी कपील अहिरवार पिता शिव कुमार अहिरवार जाति अहिरवार उम्र 36 वर्ष निवासी मकरोनिया रजाखेडी वैराडाइस होटल के सामने थाना पदमाकर तहसील सागर जिला सागर मध्यप्रदेश को गिरफ्तार किया गया।

कार्रवाई में इनकी रही भूमिका

सम्पूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी सौरभ उपाध्याय, सउनि हेमन्त कुमार देवांगन, प्रआर. 58 संजय बिसेन, आर. शंभू मण्डावी, अमित मण्डावी, दुर्गा प्रसाद मण्डावी, मनोहर निषाद, रमेश नेताम, दिपेश निषाद, अमृत मरकाम, रोबिन कोर्राम की अहम भूमिका रही।

गुणवत्ता जांच के लिए 3 कृषि केन्द्रों से लिए गए बीजों के 8 नमूने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

आगामी खरीफ कृषि वर्ष 2024–25 को देखते हुए कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश पर किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज, उर्वरक, कीटनाशक औषधि, कल्चर इत्यादि की उपलब्धता के लिए जिले के विकासखण्डों के सहकारी एवं निजी प्रतिष्ठानों में बीज, उर्वरक एवं कीटनाशक दवाओं का नमूना लेकर गुणवत्ता परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। इसके लिए कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा लगातार कृषि सामग्री उपलब्ध कराने वाली व्यवसायिक केन्द्रों का निरीक्षण किया जा रहा है।

शुक्रवार को उप संचालक श्री तांडे के मार्गदर्शन में दहीकोंगा, बनियागांव और बड़े राजपुर विकास खण्ड के कोरगांव में संचालित दुकानों से बीजों के कुल 8 नमूनों को प्रयोगशाला भेजने के लिए संग्रहण किया गया। जिनमें दहीकोंगा के आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के बीज के 5 नमूने, शिवाय कृषि केन्द्र बनियागांव के बीज के 2 नमूने और आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कोरगांव से बीज का 1 नमूना संग्रहण किया गया। इसके साथ ही उपलब्ध स्टॉक का निरीक्षण करते हुए भौतिक सत्यापन भी किया गया।

इस दौरान बीज, खाद एवं कीटनाशक निरीक्षक शशिकांत नाग, शेषमणि पाण्डे सहित कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

स्कूलों में लगा विविध जागरुकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

उत्तरा कुमार कश्यप जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार में कमलेश कुमार जुर्री अपर सत्र न्यायाधीश, गायत्री साय, व्यवहार न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव एवं सुरेन्द्र भटट प्रतिधारक अधिवक्ता प्रबंध कार्यालय कोण्डागांव द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर गुरू द्रोणाचार्य लक्ष्य एकेण्डमी के छात्र – छात्राओं में विधिक जागरूकता लाने के उदेश्य से विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया।

आयोजन में कर छात्र – छात्राओं को तंबाकू से फेफड़ों का कैंसर, हृदय रोग, मधुमेह एवं तंबाकू खाने से मुंह के कैंसर की बीमारी का खतरा एवं अन्य तंबाकू, गुटखा एवं नशीली दवाओं के दुरूपयोग के बारे में बताते हुए बाल विवाह निषेध अधिनियमए 2006 के तहत बाल विवाह पर रोक लगाने,पीड़ितों को राहत देने और इस तरह के विवाह को बढ़ावा देने या इसे बढ़ावा देने वालों के लिए सजा के संबंध में बताया। बाल मजदूरी निषेध एवं नियमन अधिनियम,1986 के अनुसार, 14वर्ष से कम उम्र के किसी बच्चे को किसी कारखाने में काम में नहीं लगाने अथवा अन्य किसी जोखिमपूर्ण रोजगार में नियोक्त नहीं करने एवं बच्चे के सर्वोत्तम हित को सर्वप्रथम ध्यान रखने के संबंध में आरटीई अधिनियम 2009 के रूप में जाना जाता है। जिसका उद्देश्य भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत भारत में 6 से 14 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा प्रदान करने के संबंध में, टोनही प्रताडना अधिनियम 2005, विरिष्ठ नागरिकों के कानूनी अधिकार और लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, के संबंध में बताते हुए ऐसे अपराधों का दण्ड एवं जुर्माना के बारे में जानकारी दी गई साथ ही चाइल्ड हेल्प लाइन नम्बर 1098, गुड टच बैड टच, पीडित क्षतिपूर्ति योजना 2018, मोटर यान अधिनियम, किशोर न्याय बोर्ड अधिनियम, भारतीय संविधान में प्रदत्त नागरिकों के मौलिक अधिकार एवं उनके कर्तव्यों के बारे में एवं साइबर अपराध व सालसा द्वारा संचालित पहचान अभियान के संबंध में एवं नालसा हेल्प लाइन नम्बर 15100 के संबंध में जानकारी दी गई ताकि कोई भी व्यक्ति न्याय पाने से वंचित नहीं रहे। इस अवसर पर गुरू द्रौणाचार्य लक्ष्य एकेण्डमी के संचालक हितेश कुमार पाण्डे, पारेश्वर देवांगन, विवेक कश्यप पी.एल. व्ही. सहित संस्था में प्रशिक्षित समस्त छात्र – छात्राएं उपस्थित थे।

नक्सल प्रभावितों को शासकीय पदों में नियुक्ति देने का कार्य प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाए

कोण्डागांव। कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में शुक्रवार को नक्सल प्रभावित पुनर्वास समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री दुदावत ने कहा कि नक्सल प्रभावितों को शासकीय पदों में नियुक्ति देने के साथ ही प्रधानमंत्री आवास के तहत आवास की स्वीकृति तथा उनके बच्चों को शिक्षा एवं छात्रवृत्ति प्रदान करने का कार्य भी प्राथमिकता के साथ किया जाए। उन्होंने स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में भी नक्सल पीड़ितों के बच्चों के लिए सीटें आरक्षित करने की बात कही। इस अवसर पर नक्सल पीड़ितों को अनुग्रह राशि के भुगतान का कार्योत्तर अनुमोदन किया गया। इसके साथ ही नक्सल मोर्चे पर विशेष सहायता प्रदान करने वाले आत्मसमर्पित नक्सलियों को भी शासकीय सेवा प्रदान करने के संबंध में चर्चा की गई।

सीईओ ने मनरेगा योजनांतर्गत चल रहे कार्यों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

नवनियुक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अविनाश भोई ने गुरुवार को जनपद पंचायत कोण्डागांव के ग्राम पंचायत पल्ली तथा जनपद पंचायत माकडी के ग्राम पंचायत शामपुर, छोटेसलना, बवई, कांवरा, उमरगांव, बेलगांव, माकडी, हीरापुर एवं अनन्तपुर में मनरेगा योजनांतर्गत आंगनबाडी भवन निर्माण कार्य, नाला साफ–सफाई, पीडीएस गोदाम निर्माण, अमृत सरोवर निर्माण कायोंर् का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत शामपुर में पंचायत भवन निर्माण कार्य प्रगतिरत तथा पीडीएस गोदाम अप्रारंभ होना पाया गया। जिस पर उन्होंने पंचायत भवन निर्माण कार्य को 15 दिवस के भीतर पूर्ण करने तथा पीडीएस गोदाम को तत्काल चालू किये जाने के संबंध में सचिव को निर्देश दिए। प्रगतिरत आंगनबाडी को जल्द से जल्द पूर्ण करने हेतु कहा गया। सभी ग्रामों में सचिव सरपंच एवं रोजगार सहायक को ज्यादा से ज्यादा हितग्राहीमूलक कायोंर् को कराने तथा श्रमिकों को रोजगार प्रदाय किये जाने के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने ओडिशा सीमा से लगे ग्राम पंचायत हीरापुर का दौरा करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से आवास निर्माण के संबंध में चर्चा की एवं आवास को जल्द से जल्द पूर्ण करने के लिए कहा। सचिव एवं रोजगार सहायक को भी योजनांतर्गत कार्यों में प्रगति लाने के लिए निर्देशित किया गया। ग्राम पंचायत अनंतपुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण के साथ–साथ स्टॉक रजिस्टर, टेस्ट, उपस्थिति पंजी, प्रतिदिवस ओपीडी पंजी आदि के संबंध में जानकारी लिया गया।

■ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अनंतपुर का औचक निरीक्षण, मरीजों एवं उनके परिजनों से की चर्चा

स्वस्थ जीवन के लिए नियमित दिनचर्या अपनाने की दी गई सलाह

अंतर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस पर बच्चों को कराया गया योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

अंतर्राष्ट्रीय धूम्रपान दिवस के अवसर पर शुक्रवार को डीएनके मैदान एवं विकास नगर स्टेडियम मैदान में बच्चों के लिए विशेष योगाभ्यास एवं शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

■ मद्यपान ना करने के लिए बच्चों को दिलाई गई शपथ

कार्यक्रम में कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में समाज कल्याण विभाग द्वारा डीएनके मैदान एवं विकास नगर स्टेडियम मैदान में विभिन्न प्रकार के खेलों का प्रशिक्षण लेने वाले बच्चों को धूम्रपान से होने वाली घातक बीमारियों की जानकारी देते हुए धूम्रपान, तम्बाकू के प्रयोग एवं मद्यपान से होने वाले घातक नकारात्मक परिणामों को बताते हुए तम्बाकू के प्रयोग, धूम्रपान एवं मद्यपान न करने की शपथ दिलाते हुए एवं विशेष योगाभ्यास कराया गया। इस दौरान बच्चों को स्वयं को स्वस्थ रखने के लिए प्रतिदिन आवश्यक रूप से योगासन एवं प्राणायाम करने को प्रेरित करते हुए प्रशिक्षकों द्वारा उन्हें स्वस्थ जीवन के लिए नियमित दिनचर्या एवं संयमित भोजन करने के संबंध में भी बताया गया।

कार्यक्रम में उप संचालक समाज कल्याण विभाग ललिता लकडा, खेल एवं युवा कल्याण विभाग की वरिष्ठ खेल अधिकारी सुधा कुमार, आरके जैन, योगा मास्टर ट्रेनर सुश्री मोनिका पटेल एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

पेज 09 के शेष...

तम्बाकू निषेध ...

थीम बच्चो को तम्बाकू सेवन से बचाना है बताया। उन्होंने कहा कि हर नशे उत्पादकों में यह लिखा होता है कि यह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। सिगरेट के सेवन से कर्क रोग होता है, फिर भी व्यक्ति इसका सेवन करता है। स्वयं को जोखिम में डालता हैं, उन्होंने कहा स्वयं जागरूक होकर दूसरो को भी जागरूक कर इस अभियान का हिस्सा बने। प्राणीशास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सुमिता पाण्डेय ने बताया कि गुड़ाखू के सेवन को लोग नशा नहीं समझते जबकि गुड़ाखू भी एक प्रकार का नशा है, जिसके सेवन से गंम्भीर रोग जैसे मूँह का कैंसर हो सकता हैं, उन्होंने विद्यार्थियों को गुड़ाखू सेवन से बचने हेतु प्रेरित किया। विधि विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. विजय बेसरा ने भी विद्यार्थियों को तम्बाकू सेवन के परिणाम को बताते हुए तम्बाकू सेवन से बचने प्रेरित किया। इस अवसर डॉ. एसआर बंजारे, डॉ. अशोक कुमार ज्योति, प्रोफेसर ऋचा सगने, डॉ. हेमलता साहू, डॉ. पूनम साहू, डॉ. शिप्रा पंत, कामिनी साहू, रूखमणी यादव एवं विद्यार्थी उपस्थिति रहे। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अलका केरकेट्टा एवं डॉ. आशीष नेताम द्वारा किया गया।

व्हाट्सअप व फेसबुक ...

रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी महेश ठाकरे के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए आरोपी की गिरफ्तारी के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला के मार्गदर्शन और एएसपी भानुप्रतापपुर आईपीएस संदीप पटेल के निर्देशन, एएसपी कांकेर मनीषा ठाकुर रावटे एवं एसडीओपी प्रशांत कुमार सिह पैकरा के मार्गदर्शन पर थाना की टीम तैयार कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए सायबर सेल की मदद से आरोपी महेश ठाकरे को रेल्वे स्टेशन रायपुर से 31मई को दबोचा गया, जिससे पूछताछ करने पर अपराध स्वीकार करना कबूल किया। आरोपी द्वारा घटना में प्रयुक्त एक नग मोबाईल मय सीम को जप्त कर आरोपी महेश ठाकरे पिता स्व.हरि ठाकरे उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम कसाखुर्द चाना चारोटी जिला पालघर महाराष्ट्र को 31 मई को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया है, जिससे जिला जेल भेजा गया। प्रकरण की कार्यवाही में निरीक्षक अमित पदमशाली, सहायक उप निरीक्षक कैलाश पाण्डे, आरक्षक हेमेश्वर दीवान, रामदास कुंजाम और गोविंद डंडसेना का योगदान रहा।

पर्वतारोही बंशीलाल ...

देते थे, उसी मैदान में बच्चों ने उनके शव के साथ परिक्रमा किया। बंशीलाल कांकेर क्षेत्र के बच्चों को निःशुल्क खेलों का प्रशिक्षण देते थे, उनके प्रशिक्षित बच्चे खेल क्षेत्र में कई रिकार्ड कायम कर चुके हैं। उन्होंने युवाओं की ऊर्जा को खेल, रोजगार की ओर दिशा देने के लिए प्रयास किया। उनके प्रशिक्षित बच्चे अग्निवीर, पुलिस विभाग और आर्मी में चयनित होकर नौकरी कर रहे हैं। सैकड़ों बच्चे अभी राष्ट्रीय खेल अकादमी में रहकर प्रशिक्षण ले रहे हैं, उनके मौत से क्षेत्र में मातम पसर गया है।

देरानी व जेठानी में ...

करने से मेरे चेहरा, हाथ, पेट व पीठ मे चोट आया है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपिया के खिलाफ धारा 294, 323, 34, 506 के तहत मामला दर्ज कर विवेचाना में लिया गया।

सेन चौक पर फिर ...

खिला रहे है, इस जानकारी पर पेट्रोलिंग टीम 31 मई को सेन चौक पहुँची और घेराबंदी कर एक व्यक्ति पैसों का दांव लगाकर सट्टा पट्टी लिखते रंगे हाथ पकड़ा, जिससे नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम शेख शोएब पिता शेख हैदर निवासी अन्नपूर्णापारा होना बताया। गवाहों के समक्ष तलाशी लिए जाने पर सटोरिया के कब्जे से एक कागज में लिखा सट्टा पट्टी जिस पर विभिन्न अंको के सामने रूपएं पैसों का दांव लिखा हुआ है, एक नीले रंग का लिखावट वाला डांट पेन तथा नगदी रकम 320 रूपएं बरामद कर पंचनामा तैयार किया। सटोरिया के खिलाफ धारा 6 छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत कार्यवाही किया गया।

खबर संक्षेप

प्राकृतिक आपदा पीड़ित को आर्थिक सहायता

जगदलपुर। कलेक्टर विजय दयाराम के. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवार को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके तहत तहसील तोकापाल के ग्राम डोंगरीगुड़ा निवासी युग की मृत्यु पानी में डूबने से पिता बुदरू को चार लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर स्थगित

जगदलपुर। संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा राज्य में भीषण गर्मी के कारण ग्रीष्म कालीन खेल प्रशिक्षण शिविर को स्थगित कर दिया गया है। खेल विभाग द्वारा जगदलपुर में 16 मई से शहर के विभिन्न खेल मैदानों में हॉकी, वालीबाल, बास्केटबाल, हेण्डबाल, फुटबाल, बैडमिंटन जुडो शतरंज, स्केटिंग खेलो के 21 दिवसीय ग्रीष्म कालीन खेल प्रशिक्षण शिविर को आज दिनांक से स्थगित किया जाता है। खेलो इंडिया प्रशिक्षण केन्द्र एवं अकादमी बिलासपुर के लिए आयोजित चयन ट्रायल को भी भीषण गर्मी के कारण आगामी तिथि तक स्थगित किया गया है।

7 से 11 बजे तक संचालित होंगे आंबा केन्द्र

दंतेवाड़ा। छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय महानदी भवन रायपुर के द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार ग्रीष्म काल में आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन की अवधि को 4 घंटे निर्धारित करते हुए प्रातः 7 से 11 बजे तक करने हेतु निर्देश जारी किया गया है। वर्तमान में भीषण गर्मी होने कारण बच्चों के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए मात्र इस भीषण गर्मी में आंगनबाड़ी केन्द्र के संचालन का समय प्रातः 7 से 11 बजे तक किया जायेगा। परन्तु 1 जुलाई के पश्चात आंगनबाड़ी केन्द्र संचालन का समय यथावत 9.30 से 3.30 बजे तक किया जायेगा।

मतगणना स्थल की तैयारी का लिया जायजा

जगदलपुर। लोकसभा निर्वाचन के तहत मतगणना 4 जून हेतु मतगणना स्थल आदर्श महाविद्यालय धरमपुरा की तैयारियों का निरीक्षण कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. द्वारा आज किया गया। मतगणना स्थल में मतगणना कर्मियों, मतगणना अभिकर्ता, मीडिया के प्रवेश स्थलों के संबंध में चर्चा किया गया और गर्मी को देखते हुए पेयजल, कूलर की आवश्यक व्यवस्था पर चर्चा कर पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण वर्मा सहित अन्य राजस्व अधिकारी और लोक निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

उप महालेखाकार ने किया जिला कोषालय का निरीक्षण

दंतेवाड़ा। प्रधान महालेखाकार कार्यालय के निरीक्षण दल द्वारा दंतेवाड़ा कोषालय का निरीक्षण 27 से 31 मई तक किया गया। इसके साथ ही निरीक्षण दल द्वारा किए गए निरीक्षण कार्य का पर्यवेक्षण उप महालेखाकार (प्रशासन एवं लेखा) वीयू. पाटिल द्वारा किया गया और दिशा निर्देश दिये गये। इसके पश्चात उप महालेखाकार द्वारा जिला कोषालय की सभी शाखाओं का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी ली गयी। इस मौके पर जिला कोषालय अधिकारी मनोज नारंग, एटीओ रितु कोलियारा सहित कोषालय के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

शिविर के लिए आमजनों ने माना आभार

शिविर में 25 हजार से अधिक लोगों ने बनाया आयुष्मान कार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत छूटे हुए समस्त हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए कलेक्टर विजय दयाराम के. के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 29 एवं 30 मई को दो दिवसीय महा अभियान का आयोजन जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में किया गया। दो दिवसीय आयुष्मान कार्ड महा अभियान में जिले में कुल 25256 कार्ड बनाये गए। इसके अलावा इस अभियान में अन्य विभागों को भी अपनी योजनाओं का लाभ आम जनों को देने के निर्देश दिये गए थे। जिसमें खाद्य विभाग ने आयुष्मान कार्ड महा अभियान के दौरान लगभग 6700 राशन कार्ड धारी सदस्यों का ई-केवाईसी किया। प्रशासन द्वारा आयोजित आयुष्मान कार्ड महा अभियान शिविर के लिए आमजनों ने आभार व्यक्त किया।

दो दिवसीय आयुष्मान कार्ड महा अभियान शिविर में जिले के सातों विकासखंड और बस्तर नगर पंचायत में आयोजित शिविर में 25256 लोगों का कार्ड बनाया गया। दो दिनों में बकावण्ड में 4670, बास्तानार में 1057, बस्तर में 7616, जगदलपुर (ग्रामीण) 3743, दरभा में 2979, लोहंडीगुड़ा में 2521, तोकापाल में 2569 और बस्तर नगर पंचायत में 101 में बनाया गया है। महा अभियान में एनआरएलएम अंतर्गत समस्त महिला स्व सहायता समूह के सदस्यों व उनके परिवार के प्रत्येक सदस्य, मनरेगा जॉब कार्डधारी समस्त हितग्राही व उनके परिवार के प्रत्येक सदस्य, समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका व उनके परिवार के प्रत्येक सदस्य तथा समस्त मितानिन व उनके परिवार के प्रत्येक सदस्य का शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड पंजीयन करवाने के लिए कहा गया था। इसके अलावा अभियान को सफल बनाने के लिए ग्राम पंचायतों में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, महिला एवं पुरुष स्वास्थ्य कार्यकर्ता, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक और बीसी सखी के द्वारा ग्राम पंचायतों में पंजीयन सम्बन्धी कार्यवाही की गई। रिपोर्टिंग व पर्यवेक्षण का कार्य सम्बंधित क्षेत्र के आरएमए एवं सेक्टर सुपरवाईजर द्वारा किया गया।

ज्ञात हो कि आयुष्मान कार्ड के माध्यम से एपीएल राशन कार्डधारी परिवार को 50 हजार रुपए तथा बीपीएल राशन कार्डधारी परिवार को 5 लाख रुपए तक के निःशुल्क उपचार की सुविधा प्रदान की जाती है। योजना का लाभ प्राप्त कने के लिए आयुष्मान कार्ड होना आवश्यक है। योजना से संबंधित अन्य जानकारी के लिए अपने क्षेत्र के स्वास्थ्य कार्यकर्ता व मितानिन से संपर्क कर सकते हैं।

रिमझिम बारिश ने दी भीषण गर्मी से राहत

मौसम हुआ सुहावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

दक्षिण बस्तर अंचल में हुई रिमझिम बारिश से नौतपा से झुलसते क्षेत्र को काफी राहत मिली। शुक्रवार शाम को तेज बारिश हुई। इसके चलते मौसम में काफी ठण्डक रही। गीदम नगर के साथ ही जिले के अन्य क्षेत्रों में भी मौसम का यही नजारा रहा। दक्षिण बस्तर अंचल में पिछले हफ्ते भर से तेज गर्मी पड़ रही थी। पारा 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। बारिश के बाद मौसम सुहावना हुआ और लोग उम्मीद कर रहे हैं कि आने वाले एक-दो दिनों तक मौसम में नमी बनी रहेगी।

बिजली व्यवस्था प्रभावित

मौसम में अचानक आए बदलाव की वजह से लोगों को एक तरफ जहां भीषण गर्मी से राहत मिली। वहीं कई जगह अंधड़ की वजह से बिजली के तार टूट गए, जिससे बिजली व्यवस्था प्रभावित रही।

अर्दली डमरू हुए सम्मानित...

जगदलपुर। शहर के गीदम रोड स्थित वन विद्यालय में पदस्थ अर्दली डमरू सिंह ठाकुर की अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर उन्हें वन विद्यालय के संचालक श्रीमती दिव्या गौतम, अनुदेशक आरएन सोरी, सहायक अनुदेशक आरएस कुशवाहा द्वारा श्रीफल एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। श्री डमरू वन विभाग में वर्ष 1994 से अपनी सेवा दिए और वन विद्यालय में वर्ष 2006 से अब तक कार्यरत रहे हैं। इस अभिनंदन समारोह में वनपाल प्रशिक्षु (60 वां सत्र) एवं वन विद्यालय के सभी अधिकारी, कर्मचारी शामिल रहे।

विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

दंतेवाड़ा। संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं की दिशा-निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर संजय बसाक के मार्गदर्शन में जिले में आज विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय नियम प्रशिक्षण केंद्रों के छात्रों द्वारा पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। उक्त कार्यक्रम में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर एस मंडल के द्वारा छात्राओं को तंबाकू एवं तंबाकू उत्पादों के सेवन से होने वाले नुकसान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा कार्यक्रम में उपस्थित सभी को तंबाकू के उत्पाद का सेवन न करने की शपथ भी दिलाई गई। उक्त कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉक्टर हितेश ठाकुर, नोडल अधिकारी राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम डॉक्टर अमन सिंह, प्राचार्य शासकीय जीवन प्रशिक्षण केंद्र दीपाली मंडल, मीडिया अधिकारी अंकित सिंह, डब्ल्यूएचओ जिला सलाहकार कुमार गौरव एवं जिला चिकित्सालय के कर्मचारी उपस्थित थे।

प्रधानाध्यापक जेठराम साहू हुए सेवानिवृत्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

- कलेक्टर ने शॉल एवं श्रीफल भेंटकर किया सम्मानित

जिले के विकासखण्ड सुकमा अंतर्गत प्राथमिक शाला मुयापारा में प्रधानाध्यापक के पद पर पदस्थ जेठराम साहू 31 मई को 41 साल 7 माह 21 दिन की शासकीय सेवा उपरांत अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गए। साहू ने 11 अक्टूबर 1982 को शासकीय सेवा प्रारंभ की थी। उनकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर कलेक्टर हरिस.एस ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जेठराम साहू को शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया और स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। उन्होंने साहू को शासकीय दायित्व से मुक्त होने के बाद भी निरंतर सक्रिय रहकर समाज के लिए योगदान देने की अपेक्षा की।

इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी जीआर मंडावी ने साहू के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि साहू द्वारा शासकीय सेवा के दौरान हमेशा निष्ठापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन किया गया। इस मौके पर साहू को पेंशन अदायगी की प्रमाण पत्र(पीपीओ) प्रदान किया गया। इस अवसर पर साहू ने शासकीय सेवाकाल के दौरान अधिकारी-कर्मचारियों के सहयोग एवं अपने दायित्वों का स्मरण किया। कार्यक्रम में कोषालय अधिकारी हेमू मण्डावी, बीईओ सुखराम देवांगन तथा शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित थे।

मतगणना कर्मियों को द्वितीय चरण का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

लोकसभा निर्वाचन के तहत मतगणना कार्य में लगे गणना सुपरवाईजर, सहायकों तथा माइक्रो ऑब्जर्वर का आज द्वितीय चरण का प्रशिक्षण कलेक्टोरेट स्थित सभाकक्ष में मास्टर ट्रेनर के द्वारा पीपीटी के माध्यम से दिया गया। इस प्रशिक्षण में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक तिवारी द्वारा उपस्थित सभी अधिकारी-कर्मचारियों को निर्वाचन आयोग के नियमों के तहत पूरी सतर्कता से मतगणना दायित्व का निर्वहन करने के निर्देश दिए गये। प्रशिक्षण में मतगणना हेतु कंट्रोल यूनिट का हैंड्स ऑन भी करवाया गया।

प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए उप जिला निर्वाचन अधिकारी तिवारी ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों से कहा कि निर्वाचन दायित्व में मतगणना कार्य भी महत्वपूर्ण है। इस दायित्व को निभाने के लिए जो अवसर मिला है, उसे समन्वय एवं आपसी समन्वय के साथ संपन्न करने के लिए प्रशिक्षण में बताए गए नियमों एवं निर्देशों को गंभीरतापूर्वक समझें और प्रत्येक बारिकी को सीखें, ताकि अपने निर्धारित दायित्वों का अच्छी तरह से निर्वहन कर सकें। साथ ही किसी भी प्रकार की शंका होने पर सवाल करें और पूर्ण रूप से प्रशिक्षित होकर मतगणना दायित्व को निभाएं।

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतगणना के पूर्व की तैयारी, पूरी संसाधन एवं अन्य जरूरी संसाधनों की व्यवस्था, ईवीएम से मतगणना की प्रक्रिया, मतगणना व्यवस्था सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई और मतगणना दिवस के दिन स्ट्रांग रूम और मतगणना कक्ष में अपेक्षित नियमों के पालन के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण में जहां कंट्रोल यूनिट के मतों की गणना की संपूर्ण प्रक्रिया को सरलता से समझाया गया। वहीं मतगणना दलों के शंकाओं का समाधान किया गया। इस दौरान मतगणना दायित्व से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

शोक संतप्त परिवार से मिले भाजपाई

दरभा। नेगानार के भाजपा कार्यकर्ता धर्मेंद्र सिंह ठाकुर के पिता के निधन होने के पश्चात गुरूवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता शोक संतप्त परिवार से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। इस अवसर पर पूर्व विधायक लच्छूराम कश्यप, बैदुराम कश्यप, मनीष पारख, श्रीधर ओझा, फूलसिंह सेठिया, गागरा राम नाग, दिनेश पाण्डे एवं भाजपा के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

समर कैम्प में बच्चों ने सीखा रचनात्मक कौशल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोंड

राज्य शासन के आदेशानुसार एवं जिला प्रशासन के निर्देश पर 22 से 30 मई तक शासकीय हाई स्कूल कुड़कानार में प्रातः 7 से प्रातः 9 बजे तक 9 दिवसीय संकुल स्तरीय समर कैम्प का आयोजन सफलता पूर्वक किया गया, जिसका समापन गुरूवार को हुआ। इस समर कैम्प में बच्चों के रचनात्मक कौशल के विकास के लिए उन्हें स्वतंत्र लेखन सीखाकर विभिन्न स्थानीय मुद्दों को सामने लाने की दिशा में प्रयास करने का काम किया गया। इसमें स्थानीय इतिहास, गांव का नाम कैसे पड़ा, इस पर बड़े-बुजुर्गों के विचार, स्थानीय कहानियां, लोक कलाएं, आस-पास उपलब्ध पेड़-पौधे एवं फसलों की जानकारी एवं पहचान, शाला से बाहर के बच्चों से उनके पढाई छोड़ने के कारणों पर चर्चा एवं उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा में लाने हेतु किए गए प्रयास, योगा, बेसिक मेथ्स, इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स, नृत्य, गायन, चित्र कला, सीड बॉल निर्माण पत्र लेखन, निबंध लेखन आदि गतिविधियों का संचालन किया गया। इस 9 दिवसीय संकुल स्तरीय समर कैम्प के सफल संचालन में संकुल प्राचार्या सईदा खान, संकुल समन्वयक अजम्बर कोर्राम, प्रधान अध्यापक धीरेन्द्र यादव का सराहनीय योगदान रहा।

डबल इंजन सरकार से नक्सलियों की टूट रही कमर

जगदलपुर। केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार बस्तर के चहुंमुखी विकास के लिए संकल्पित हैं आदिवासियों के अधिकारों का शोषण कर रहे नक्सलियों की प्रदेश में भाजपा सरकार स्थापित होने के बाद नक्सल मोर्चे पर सफल रणनीति से अब नक्सलियों की कमर टूटती नजर आने लगी है।



भाजपा नेता मनीष पारख ने जारी बयान में कहा कि मोदी की गारंटी पूरी हो रही हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ की जनता से बस्तर को नक्सलमुक्त करने का वादा किया है। प्रदेश में भाजपा सरकार बनते ही मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा नक्सलवाद समाप्ति के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। जिसका परिणाम दिखने लगा हैं। नक्सलियों में खौफ हैं, सुरक्षा बल के जवान नक्सलियों से लोहा लेकर उन्हें ढेर कर रहे हैं। भाजपा सरकार की मंशा शांति व वार्ता की रही है। लेकिन विकास विरोधी नक्सलियों के अड़यिल रवैया के कारण सरकार नक्सलियों को नेस्तानाबूत कर रहे हैं। सरकार के नक्सल उन्मूलन नीति ने नक्सली मिलिट्री विंग की कमर तोड़ कर रख दी हैं।

यूथ व इको क्लब का हुआ जिला स्तरीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

राज्य शासन के योजनानुसार, जिला दंतेवाड़ा में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कुमार बिश्वरंजन के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय यूथ एवं इको क्लब का एक दिवसीय प्रशिक्षण जिला ग्रंथालय में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी एसके. अम्बष्ट, जिला मिशन समन्वयक श्यामलाल शोरी, सहायक परियोजना समन्वयक कमल कर्मकार के द्वारा किया गया। इस प्रशिक्षण में कुरूद के प्रथम एजुकेशन केंद्र से प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनर विजय कुमार गंजीर एवं नीतू हरित द्वारा शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया।

इस प्रशिक्षण में जिले के चारों विकास खंडों से 10-10 प्रतिभागियों को आमंत्रित किया गया था। जिसमें कुल 40 प्रतिभागी प्रशिक्षित हुए इसके साथ ही अब सभी शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत अपने-अपने विकासखंड में जाकर विकासखंड के प्रत्येक माध्यमिक स्कूल के एक-एक शिक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे, ताकि वे यूथ एवं इको क्लब से संबंधित समस्त गतिविधियों को जिले में निरंतर, सतत रूप से चला सके। ज्ञात हो कि आगामी 5 जून से पर्यावरण से संबंधित विभिन्न गतिविधियों के आयोजन विद्यालय स्तर पर किए जाने हैं। इन प्रशिक्षण में पानी, किचन गार्डन, जमीन, प्लास्टिक साक्षरता एवं आकाश पर विभिन्न गतिविधियों की जानकारी प्रतिभागियों को दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य यह है कि शिक्षक को पर्यावरण के प्रति स्वयं संवेदनशील बनाने के साथ-साथ उनके व्यवहार में भी दिखलाना है। जिससे कि बच्चों को भविष्य में बेहतर पर्यावरण प्रदान करने हेतु सचेत करते हुए, उनके माध्यम से समुदाय में भी इस कार्यक्रम को प्रभावी बना सके। साथ ही वे पढ़ने वाले युवाओं को एक बेहतर नेतृत्व प्रदान कर सके और उन्हें इस कार्यक्रम में मेंटर की भूमिका निभाने हेतु प्रेरित कर सकें।

3 अगस्त तक लगेगी विशेष लोक अदालत

धमतरी। उच्चतम न्यायालय में 29 जुलाई से 3 अगस्त तक विशेष लोक अदालत आयोजित होगी। इसमें धमतरी जिला के 1 प्रकरण को चिन्हांकित किया गया है, जिसमें पक्षकारों को नोटिस की जा रही है, ताकि उनके मामले का निराकरण माननीय उच्चतम न्यायालय की विशेष लोक अदालत में किया जा सके। इससे समय एवं धन के अपव्यय को रोका जा सकता है तथा कोर्ट फीस की भी वापसी होती है। लोक अदालत के माध्यम से प्रकरण का निराकरण करवाकर वैमनस्य व कटुता को मिटाकर भाईचारे एवं बंधुता की भावना को बढ़ा सकते हैं।

प्राक्चयन परीक्षा 9 जून को

धमतरी। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा नवमीं में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा 9 जून को सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित की जाएगी। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि इसके लिए जिले में 6 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें मॉडल इंग्लिश सीनियर सेकेण्डरी स्कूल सोरिद, मेनोनाईट इंग्लिश सीनियर सेकेण्डरी स्कूल धमतरी, मेनोनाईट हिन्दी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, हटकेशर स्थित सर्वोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तथा गोकुलपुर स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शामिल है। परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को अपना प्रवेश पत्र विभागीय वेबसाईट से डाउनलोड कर प्राप्त करने कहा गया है। विद्यार्थियों को निर्धारित तिथि में परीक्षा प्रारंभ होने के 1 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में उपस्थिति देना अनिवार्य है।

Health Town

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट

समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना। प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक

जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.) स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

खबर संक्षेप

प्रबंधन और उद्यम सीखेंगे आदिवासी युवा, मिलेगा प्रशिक्षण

बीजापुर। स्थानीय आदिवासी युवाओं को उद्यमिता विकास से जोड़कर उनके आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने का अभिनव पहल करते हुए कलेक्टर अनुराग पाण्डेय द्वारा 10 दिवसीय उद्यमशीलता प्रशिक्षण कराया जाना प्रस्तावित है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बाजार के अवसर की पहचान करना, व्यवसाय की योजना बनाना और उसके विकास का प्रबंध करना है। जिससे जिले के आदिवासी युवाओं को स्वरोजगार के अवसर सृजन होंगे। ऐसे युवा भविष्य में नौकरी तलाशने वाले न होकर नौकरी देने वाले होंगे। विभिन्न स्वरोजगार के कार्य के लिए आवश्यक प्रक्रिया, दस्तावेज ऋण सुविधा जिला प्रशासन द्वारा मुहैया कराया जावेगा। जिले के ऐसे आदिवासी युवा जो स्वरोजगार के कार्य करने कि रूचि रखते हों ऐसे युवाओं को जिला प्रशासन बीजापुर द्वारा 10 दिवसीय उद्यमशीलता विकास कार्यक्रम में निःशुल्क रहवासी प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किया है। यह प्रशिक्षण आरसेटी बीजापुर में सम्पन्न होगा। जिसमें 4 दिवसीय प्रशिक्षण नेशनल इन्स्टीट्यूट फॉर माइको स्मॉल एण्ड मिडियम इन्टरप्राइजेस हैदराबाद में सम्पन्न होगा। जिले के युवा जिनकी आयु 18 से 35 वर्ष है वे 6 जून तक कार्यालयीन समय में कार्यालय जिला कौशल विकास प्राधिकरण बीजापुर कक्ष क्रमांक डी-19 जिला कलेक्टोरेट कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

उत्कल भवन में समाज की बैठक 2 को

जगदलपुर। उत्कल समाज की वार्षिक आमसभा 2 जून को शाम 4 बजे उत्कल समाज भवन में आयोजित की गई है। जिसमें कोषाध्यक्ष वार्षिक आय व्यय समाज के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। साथ ही दावा आपत्ति लिया जाएगा। भवन के मुख्य द्वार के चेनल गेट के स्थान पर शटर की अनुमति, समाज भवन के रंग-रोगन एवं अन्य सदस्यों के सुझाव पर निर्णय लिया जाएगा। यह जानकारी समाज अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने दी है।

मतगणना के लिए दिया गया प्रशिक्षण

बीजापुर। लोकसभा निर्वाचन के तहत मतगणना कार्य के लिए कलेक्टोरेट स्थित इन्द्रावती सभाकक्ष में गणना सुपरवाईजर, सहायकों तथा माइक्रो ऑब्जर्वर को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग पाण्डेय की मौजूदगी में आयोजित प्रशिक्षण में उपस्थित सभी अधिकारी-कर्मचारियों को निर्वाचन आयोग के नियमों के तहत पूरी सतर्कता से त्रुटिरहित मतगणना दायित्व को निर्वहन करने के निर्देश दिए। मतगणना हेतु कंट्रोल यूनिट का हेण्ड्स ऑन भी करवाया गया। प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों से कहा कि निर्वाचन दायित्व में मतगणना कार्य भी महत्वपूर्ण है। इस दायित्व को निभाने के लिए जो अवसर मिला है, उसे समन्वय एवं तालमेल के साथ संपन्न करने के लिए प्रशिक्षण में बताए गए नियमों एवं निर्देशों को गंभीरतापूर्वक समझें और प्रत्येक बारिकी को सीखें।

उधारी की रकम मांगने पर विवाद दोनों पक्ष ने थाने में लिखाई रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

कोरर थाना में शिकायत करने पहुंचे कोरर निवासी गजेन्द्र परिहार ने पुलिस को बताया कि मै खेती किसानी का काम करता हूँ और करीबन 2 साल पूर्व कोरर निवासी शंकर यादव को 3 लाख रूपएं उधारी में दिया था। मैं 30 मई की सुबह करीबन साढ़े 9 बजे पैसा मांगने शंकर यादव के घर गया था। शंकर यादव घर पर नही था, वहीं चाची ललिता यादव घर पर थी और कहा कि आपके चाचा को फोन करके बुलाती हूँ, मैं वापिस घर चला आया। शंकर यादव करीबन साढ़े 10 बजे मुझे फोन करके बुलाया, मैं उसके घर गया, वो कहने लगा कि क्या तुम्हारा 50 लाख रूपएं लग रहा, क्यों बार-बार मेरे घर आते हो, तब मैं बोला कि मैं आज ही आया हूं। तुम फोन करके बुलाए हो, तब आया हूं। मेरा पैसा दे दो मै चला जाऊंगा, नही तो चाची के नाम के दिए गए चेक को बैंक में लगाऊंगा। मेरे द्वारा ऐसा कहने पर शंकर यादव, उसका बेटा राजा यादव एवं चाची तीनो एक राय होकर गाली देकर जान से मार दूंगा बोलकर हाथ में रखे डंडा से पैर के पिंडली व पीठ पर हमला बोला और उसी समय चाची ललिता यादव ने चप्पल निकालकर मेरे पीठ को मारा और शंकर यादव अपने गमछा को गले में फंसाकर जमीन में गिरा दिया। जमीन में घसीटते हुए अपने घर अंदर ले गया जिससे मेरे पैर के घुटने में चोट आया है। मैने मोबाईल से परिवार वालो से फोन लगाया था, कि मेरे मोबाईल को राजा यादव ने छीनकर फोन को तोड़ दिया व मेरे गले में पहने सोने

का चैन टुटकर कर गिर गया। मुझे कुर्सी में बैठाकर मेरा कालर पकडे थे। मेरे भाई मनीष और वीरेन्द्र परिहार के कॉलर छोड़ाने के बाद मेरा कॉलर छोड़ दिए और वहां से हट गए। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 34, 506 भादवि के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। दूसरे पक्ष की ओर से कोरर निवासी शंकर यादव ने पुलिस को बताया कि मै किसानी का काम करता हूँ और एक वर्ष पूर्व कोरर के गजेन्द्र परिहार से उधारी में 5 लाख रूपएं 5 परसेंट के हिसाब से लिया था। जिसका 5 लाख रूपएं पेमेंट कर चुका हूँ और 70 हजार रूपएं ब्याज का बचा है, जिसे माह जून में पटा दूंगा बोला था। 30 मई को सुबह धान कटाई करवाने खेत तरफ गया था। घर में मेरी पत्नी ललिता यादव थी, करीबन साढ़े 9 बजे मेरी पत्नी ने फोन करके बताई कि गजेन्द्र परिहार उधारी का पैसा मांगने आया था। पैसा को नही दे रहे हो बोलकर गाली गलौज किया है। मैं घर वापस आया तो गजेन्द्र परिहार मेरे घर से चला गया था। मै उसे को फोन करके बुलाया और बोला कि तुम्हारा कितना पैसा बचा है, उसे जून माह में दे दूंगा। उसके बाद भी तुम मेरे घर आकर गाली गुफ्तार कर रहे हो, तुम्हारा हमारा अच्छा संबंध है, क्यो संबंध खराब कर रहे हो। इतना बोलने पर गजेन्द्र ने मेरी शर्ट का कॉलर को पकड़कर जान से मार दूंगा बोलते हुए गाली देने लगा और मोबाईल से मेरे नाक को एवं सीना को मारा नाक से खून तेजी बह रहा था। कुर्सी से सिर को मारा व ईट को मारने के लिए पकड़ा था। उसी समय गजेन्द्र परिहार के भाई बंटी एवं मनीष शामने में थे। प्रार्थी कि शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506 भादवि के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

शिक्षा : रायपुर में लाटरी से विद्यार्थियों का चयन, पालकों को प्रवेश की सूचना दी गई

भानुप्रतापुर के 99 छात्रों का आरटीई के तहत प्राइवेट स्कूल में हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

आरटीई के तहत भानुप्रतापुर विकासखंड के तहत प्रथम चरण में 99 छात्रों का चयन रायपुर में लाटरी के माध्यम से किया गया। इन छात्रों के पालकों को चयनित स्कूल में प्रवेश लेने के लिए मैसेज किया जा चुका है।

चयनित छात्रों में अनुष्का महलांकर पिता विनीत महलांकर, रीधान साहू पिता नूतन साहू, भाव्या धनकर पिता टाकेश्वर धनकर, भवानी सिंध पिता सहदेव सिंध, यशवंत बनपाल पिता टेकेन्द्र कुमार बनपाल, दीक्षांत बनपाल पिता रोशन बनपाल, माहिरा कुरैशी पिता मो.असफाक कुरैशी, विराशी भूआर्य पिता श्याम लाल भूआर्य, चिनमय साहू पिता मनीष कुमार साहू, गोपिका कोसमा पिता मयंक लाल कोसमा, शुमायरा हुसैन खान पिता जाकिर हुसैन खान, त्रिशा यादव पिता हरेश कुमार यादव, खुशी यदु पिता उत्तम कुमार यदु, वैदराज मरकाम पिता करन कुमार मरकाम, दृष्टि राणा पिता जितेन्द्र राणा, अश्मित कश्यप पिता रामजी कश्यप, शुभम पुजारी पिता नोहर पुजारी, दिव्यांशी दुग्गा पिता दीपक कुमार दुग्गा, गोरक टांडिया पिता यशवंत कुमार टांडिया, लव्यांश मंडावी पिता कैलाश कुमार, गीतांश साहू पिता होमेन्द्र साहू, चन्द्र कुमार प्रजापति पिता दशरथ राम, हार्दिक चालकी पिता फिरोज चालकी, आन्या नेताम पिता गुफेन्द्र कुमार, मियांशु वर्मा पिता राजू वर्मा, चेष्टा धनकर पिता कमलेश कुमार धनकर, विधि टांडिया पिता गौकरन टांडिया, प्रशांत कुमार पिता मनीष कुमार, ग्रीष्मी मानिकपुरी पिता गणेश प्रसाद मानिकपुरी, यामिनी धनकर पिता रोहित धनकर, फाल्गुनी पांण्डे पिता सुनील कुमार पांण्डे, स्वाति पाण्डे पिता अनिल कुमार पाण्डे, एन. मोहनीस पिता एन. राजेश, किंजल साहू पिता मोहपाल साहू, रीसिका चोपड़ा पिता कमलेश चोपड़ा, कोविशा वर्मा पिता भीष्म कुमार वर्मा, तान्या त्रिपाठी पिता धनेन्द्र त्रिपाठी, गगन विश्वकर्मा पिता तुकेश विश्वकर्मा, यश कुमार यादव पिता दिनेश कुमार यादव, नीहल साहू पिता हितेन्द्र साहू, दुव्यांश शिवहरे पिता जितेन्द्र शिवहरे, काव्यांश साहू पिता हरेश साहू, माहिरा परवीन पिता अफगान अली, रनवीर साहू पिता रुपेन्द्र कुमार साहू, एंजल बाधवानी पिता सुनील बाधवानी, छायांक कोमरे पिता प्रमोद कुमार कोमरे, अनन्या पाण्डे पिता कन्हैया पाण्डे, हर्ष कावड़े पिता डिकेश्वर कावड़े, विनय उइकलिया पिता सतीश कुमार, दावेश नेताम पिता जागेश्वर नेताम, सौर्य गुंजा पिता नितेश कुमार गुंजा, सोनम सेन पिता प्रेमानन्द सेन, सिवांगी नाग पिता कैलाश कुमार नाग, आस्था मंडावी पिता संजय कुमार मंडावी, हनिका महिलांगे पिता महेन्द्र महिलांगे, अंकित कुमार नेताम पिता छन्नू राम नेताम, छनेश नागवंशी पिता इंदल नागवंशी, मयंक कोठारी पिता बाबूलाल कोठारी, ग्रीष्मा पिता सुरेन्द्र कुमार, प्राची केमरो पिता निर्मल केमरो, नित्या पटेल पिता संतोष कुमार पटेल, प्रियांशी साहू पिता ओमप्रकाश साहू, दामिनी यादव पिता संतलाल यादव, लुभांश आचला पिता मोतीलाल आचला, भाविका निर्मलकर पिता चोवाराम निर्मलकर, रनवीर यदु पिता नागेश यदु, नवदीप चालकी पिता बीरेन्द्र कुमार चालकी, गेसना साहू पिता जितेन्द्र कुमार साहू, युमन फातिमा खान पिता इरफान खान, रुद्रांश पिता सुरेश कुमार, सौरभ राँय पिता मनोज राँय, वेदांत दरों पिता नरोत्तम लाल, मो. आरिस शेख पिता शेख नियाजुद्दीन, उत्कर्ष पटेल पिता भूपेन्द्र पटेल, नीरा उइके पिता हनेश कुमार उइके, प्रगति ध्रुव पिता गजेन्द्र ध्रुव, विनय कुमार सलाम पिता राम सलाम, भीमेश कोठारी पिता कीर्तिराम, समृद्धि पुर्मे पिता विजय पुर्मे, पूरब निर्मलकर पिता मोहन कुमार, लीसा कोसमा पिता भुनेश्वर कोसमा, ग्रंथ नेताम पिता रजमन नेताम, चहल यादव पिता रजमन यादव, तमन्ना टांडिया पिता सनत कुमार टांडिया, क्षलक यादव पिता नरेश कुमार यादव, हेमंक कुमार यादव पिता मनोज कुमार यादव, अक्सा परवीन पिता अब्दुल जब्बार खान, युग कोमरो पिता पुन्ना राम, कुंदनी उइके पिता महेन्द्र कुमार उइके, शान्तनु घोस पिता दीपांकर घोस, गुन सचदेव पिता राजेन्द्र सचदेव, वंश सचदेव पिता राजेन्द्र सचदेव, शुभम साहू पिता प्रवीन कुमार साहू, आफ्या बानो पिता मो. अफजल खान, छायांशी पांडे पिता सतीश पांडे, लोमेश उसेण्डी पिता बजरंग उसेण्डी, सौर्य गावड़े पिता महार सिंग गावड़े, आरोही पिता चैतुराम का चयन हुआ है।

जांच के नाम पर हुए विवाद का वीडियो वायरल, दो आबकारी एसआई सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज : कांकेर

बांदे में शासकीय शराब दुकान के बाजू में किराने की दुकान चलाने वाली महिला के घर पर जाँच को लेकर दो आबकारी उपनिरीक्षक का सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने के बाद जाँच शुरू किया गया। घटना के पहले दिन से भाजयुमो ने आबकारी उपनिरीक्षक की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह उठाया था और भाजयुमो जिलाध्यक्ष ने सीएम को पत्र लिखकर निलंबन की माँग किया था। अंततः जाँच में गलत पाएं जाने पर कलेक्टर ने 30 मई को देर शाम आबकारी उपनिरीक्षक ओम प्रकाश साहू और संदीप सहारे का निलंबन आदेश जारी कर दिया।बांदे की जारी वीडियो के उपरांत राजनीति पहले दिन से गरमा गई थी, वहीं सबसे पहले भाजयुमो ने मामले को संज्ञान में लेकर सबसे पहले जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्यवाही की माँग किया था। भाजुयमो के जिलाध्यक्ष राजा पाण्डे को पहले दिन पखांजुर के युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष ने घटना की जानकारी दिया, उसी दिन से उन्होंने दोनो आबकारी उपनिरीक्षक पर कड़ी कार्यवाही किए जाने की बात कहीं थी, यहाँ तक कि 28 मई को मुख्यमंत्री के नाम पत्र लिखकर निलंबन की माँग किया था। आबकारी विभाग के अधिकारियों ने निलंबन के पहले शो कॉज नोटिस देने और जवाब देने की प्रकिया का पालन किया और नियमानुसार जाँच रिपोर्ट 30 मई को कलेक्टर को सौंपा। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला आबकारी अधिकारी से मिली रिपोर्ट के आधार पर 30 मई को देर शाम निलंबन आदेश जारी कर दिया, जबकि इसी दिन दोनो उप निरीक्षकों को मुख्यालय से हटाकर जिला आबकारी कार्यालय अटैच किया गया था। भाजयुमो जिलाध्यक्ष पहले दिन से ही दोनो उपनिरीक्षकों पर कार्यवाही की माँग को लेकर सभी अधिकारियों से बात किया था। इसके बाद कांग्रेस ने इस मुद्दे को संज्ञान में लेकर जाँच दल बनाया था और जाँच दल 30 मई को बांदे पहुँचा और संबंधितो के बयान को दर्ज किया। प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए निलंबन की कार्यवाही कर दिया है वहीं विभाग के अधिकारियों का कहना है कि महिलाओं के द्वारा जो दुर्व्यवहार का आरोप लगाया जा रहा है, उसकी जाँच जारी है। जाँच के बाद जो रिपोर्ट मिलेगी, नियमानुसार आगे की कार्यवाही की जाएगी।

118 गांवों में महिला बेसिक शिक्षा पढ़ाई तिहार का कार्यक्रम जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरहरपुर

विकासखंड नरहरपुर के 118 गांवो में महिलाओं की बेसिक शिक्षा को मजबूत बनाने के लिए कमाल फॉर लेडिस पढ़ाई तिहार कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य माताओं को आत्मनिर्भर बनाना है। जिससे स्वयं अपने कार्य को स्वतः कर सके साथ ही अपने बच्चों की शिक्षा में मदद कर सके। आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत ऐसी महिलाएं जो अपनी आगे की पढ़ाई प्राथमिक या माध्यमिक स्तर तक ही कर पाई हैं। ऐसी माताओं के साथ प्रथम के कार्यकर्ताओं और स्वयंसेवकों के माध्यम से सुबह या शाम के समय में प्रतिदिन 1 से 2 घंटे तक खेल के माध्यम से भाषा और गणित की बेसिक दक्षता के लिए कक्षा का संचालन किया जा रहा है। इसके साथ ही इन माताओं को रेडिनेस लाइफ और जीवन कौशल की जानकारी भी दिया जा रहा है। ताकि अपने दैनिक जीवन में आने वाली समस्याओं की समाधान करने में आसानी हो। इस गतिविधि के बाद माताएं स्वयं यहां भाषा, गणित सीखकर घर में अपने बच्चों की पढ़ाई में मदद कर पाएंगे। अपनी कमाई या मजदूरी का हिसाब किताब रख पाएंगे। साथ ही साथ उन्हें लाइफ रेडिनेस और जीवन कौशल के अंतर्गत मोबाइल का उपयोग, बैंक पासबुक या बेलन्स चेक करना , अपनी समस्याओं को किस तरह रखना, घर पर अगर कोई त्योहार है तो उस पर खर्च का अनुमान लगाकर किस तरह कार्य करना आदि पर जानकारी दी जा रही है।

घर-घर जाकर मोतियाबिंद मरीजों की करें पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

सीएमएचओ डॉ.आरके चतुर्वेदी ने कलेक्टर के निर्देशानुसार मोतियाबिंद अंधत्व निवारण कार्यक्रम की समीक्षा ली, जिसमें कहा कि नेत्र सहायक घर-घर पहुंचकर मोतियाबिंद मरीजों की पहचान करें। नोडल अधिकारी डॉ. सरिता थॉमस सहित सभी नेत्र सहायक अधिकारी शामिल रहे। नेत्र चिकित्सा के लिए स्थापित विशेष अस्पताल अंबक की सुविधाएं मरीजों को जरूरत के अनुसार प्रदान करने हेतु निर्देशित किया। सीएमएचओ ने कहा कि पूर्व में किए गए सघन सर्वे अभियान की तरह सघन मोतियाबिंद सर्वे अभियान चलाया जा रहा है। इस दिशा में स्वास्थ्य विभाग के समस्त कार्यकर्ताओं एवं मितानिनों को सघन सर्वे अभियान प्रारंभ कर नियमित रिपोर्टिंग करने के साथ ही संभावित मरीजों का सत्यापन कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल डिमरापाल एवं जिला महारानी अस्पताल में स्थित अंबक अस्पताल में आपरेशन करवाने के लिए निर्देश दिए गए हैं। ऑपरेशन के लिए मरीजों को लाने एवं घर तक पहुंचाने हेतु निःशुल्क आवागमन सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। जिले के दुर्गम एवं दुरस्थ ईलाके के लोगों को सेवाएं सर्वप्रथम मिले इसकी हमेशा कोशिश कर संबंधित क्षेत्र के मरीजों को लाभान्वित किया गया।

मतगणना दायित्व को शिद्दत से करने प्रशिक्षण लेना जरूरी : कलेक्टर

जगदलपुर। लोकसभा निर्वाचन के तहत मतगणना कार्य के लिए शुक्रवार को कलेक्टोरेट के प्रेरणा कक्ष में गणना सुपरवाईजर, सहायकों तथा माइक्रो ऑब्जर्वर को द्वितीय चरण का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. की मौजूदगी में आयोजित प्रशिक्षण में उपस्थित सभी युवा मतगणना कर्मचारियों को निर्वाचन आयोग के नियमों के तहत पूरी सतर्कता से त्रुटिरहित मतगणना दायित्व को निर्वहन करने के निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण को व्यावहारिक रूप देने मतगणना के प्रत्येक प्रक्रिया को अभ्यास करवाकर भी समझाया गया। वहीं मतगणना हेतु कंट्रोल यूनिट का हेंडआन भी करवाया गया। प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने सभी कर्मचारियों से कहा कि निर्वाचन दायित्व में मतगणना कार्य भी महत्वपूर्ण है। इस दायित्व को शिद्दत से करने के लिए गहन प्रशिक्षण प्राप्त करना जरूरी है। प्रशिक्षण में बताए गए नियमों एवं निर्देशों को गंभीरतापूर्वक समझें और प्रत्येक बारिकी को सीखें, ताकि अपने निर्धारित दायित्वों को पूरी तत्परता से निर्वहन कर सकें। कलेक्टर ने कहा कि जिले में विधानसभा निर्वाचन के दौरान महिला कर्मचारियों से मतगणना कार्य करवाया गया, जिसे पूरे प्रदेश में सराहना मिली थी।

सेवानिवृत्त 44 कर्मचारियों में 21 का पीपीओ जारी, अन्य पर आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

■ पेंशन कार्यालय में मनमानी खत्म नहीं हुआ तो होगा प्रदर्शन

पेंशन प्रकरण तैयार करने की आड़ में कोष, लेखा एवं पेंशन में मनमानी का आरोप छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संभाग प्रभारी कैलाश चौहान तथा अध्यक्ष गजेंद्र श्रीवास्तव ने लगाया है।

संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन कमलेश कुमार रायस्त से मिलकर पेंशन प्रकरणों में हो रहे भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने की मांग एवं अन्यथा पेंशन कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी गई है।

कर्मचारी नेताओं ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि बस्तर जिले के अंतर्गत पुलिस, राजस्व, वन, कृषि, सहकारी, स्वास्थ्य, लोक निर्माण विभाग, शिक्षा, पंचायत, इंजीनियरिंग, पशु विभाग, महिला बाल विकास विभाग में 44 कर्मचारी 31 मई को सेवानिवृत्त हुए तथा इनमें से केवल 21 कर्मचारियों का पीपीओ जारी किया गया।

जिन कर्मचारियों ने भेंट नहीं दी उनके प्रकरणों में आपत्ति दर्शा कर रोक दिया गया। जबकि कोई भी आपत्ति समय सीमा में निराकरण किया जाता है ना की अंतिम तिथि में आपत्ति लगाया जाता है।

कलेक्टर विजय दयाराम के. ने सराहनीय पहल करते हुए सेवा निवृत्ति के दिन ही सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों को जिला कार्यालय के सभागृह में सम्मान समारोह आयोजित कर सेवा नियुक्त कर्मचारियों को पेंशन प्राधिकार पत्र सौंपा जा रहा है। इस पहल पर कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने कलेक्टर से मिलकर स्वागत किया है।

बिजली विभाग की लापरवाही के कारण हो रही दुर्घटनाएं

जगदलपुर। आम आदमी पार्टी के लोकसभा अध्यक्ष समीर खान ने शुक्रवार को कार्यकर्ताओं के साथ कलेक्टोरेट पहुंच बार-बार हो रही बिजली गुल की समस्या से राहत देने अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उल्लेख किया गया है कि बिजली विभाग के ठेकेदार और विद्युत वितरण कंपनी के जिम्मेदारों पर एक्शन लिया जाए। साथ ही जांच कमेटी बनाकर लापरवाही को सार्वजनिक किया जाए। अंचल में हल्की हवा से बिजली गुल की समस्या क्यों होती है। मांगपत्र की प्रति विद्युत वितरण कंपनी के मुख्य अभियंता को सौंपा गया है।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए

तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय

तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने

पता - धमतरी. मो.नं. : 9993010732

लकवा, शरीर में होने वाले सभी प्रकार के दर्द, साइटिका, नस रोग

चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमधी, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर

पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना

बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना

पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी

स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट

बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

सेवानिवृत्त हो रहे 22 शासकीय सेवकों को कलेक्टर ने दिया पेंशन प्राधिकार पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

कलेक्टर विजय दयाराम के. ने कहा शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक माह सेवानिवृत्त हो रहे सेवकों को माह के अंतिम दिन पीपीओ जारी करने के प्रयास को सकारात्मक और राज्य स्तर पर सराहना मिल रहा। सेवानिवृत्ति के अंतिम दिन लंबे समय तक शासकीय सेवा के परिश्रम का सभी स्वत्वो का भुगतान किया जाना है। उन्होंने कहा कि लम्बी अवधि तक शासकीय सेवा देने के उपरांत सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी-कर्मचारी अपने शासकीय सेवा के अनुभव और सीख का सदुपयोग समाज के लिए करें। सभी शासकीय सेवकों ने नौकरी के दौरान खुद के लिए परिवार और समाज के लिए समय नहीं निकाल पाए होंगे। वे सेवानिवृत्त होकर स्वयं एवं परिवार और समाज के लिये समय दें।

कलेक्टर ने कहा कि पदीय दायित्व का निर्वहन करते हुए सेवानिवृत्त हो रहे शासकीय सेवकों को सम्मान देने का अवसर मिला, यह गर्व का पल है, बुजुर्ग साथी हमें आशीर्वाद दें। शासन-प्रशासन ने जिले के सभी विभागों से सेवानिवृत्त होने वाले सेवकों का ज्यादा से ज्यादा पेंशन से संबंधित प्रकरणों का समय पर निराकरण का प्रयास कोषालय और कोष लेखा पेंशन कार्यालय ने किया। लगातार ग्यारह माह में प्रशासन ने 600 से अधिक पेंशन प्रकरणों में सेवानिवृत्ति के दिन ही पीपीओ जारी करने का कार्य किया गया। इस मौके पर उन्होंने सेवानिवृत्त हो रहे शासकीय सेवकों की स्वस्थ और खुशहाल जीवन की कामना की।

कलेक्टर ने गुरुवार को जिला कार्यालय के आस्था सभाकक्ष में माह मई में सेवानिवृत्त हुए 43 शासकीय सेवकों में से 22 को सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को पुष्पमाला एवं शाल, श्रीफल भेंटकर सम्मानित किए। वहीं इन सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को पीपीओ पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर वरिष्ठ कोषालय अधिकारी संजय प्रसाद सोनवानी ने बताया कि इस माह 43 शासकीय सेवकों में से 22 को पेंशन प्राधिकार पत्र जारी की गई है। शेष का आवश्यक कागजी कार्यवाही के बाद जल्द पीपीओ जारी किया जाएगा। इस अवसर पर कार्यालय संयुक्त संचालक कोष-लेखा एवं पेंशन से संयुक्त संचालक कमलेश रायस्त सहित जिला कोषालय के अन्य अधिकारी-कर्मचारी और सेवानिवृत्त हो रहे शासकीय सेवक मौजूद थे।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त हो रहे शासकीय सेवकों ने अपने अनुभव को साझा किया।

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्लीपर मात्र 8,500/-

सुनहरा अवसर

स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024

जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है....

सबसे कम राशि पर

माता वैष्णव देवी

हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)

राशि:- स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा

RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411